आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

इस्तीफा

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आज प्रधानमंत्री को भेजे त्यागपत्र में धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि पिछले 10 दिन की घटनाओं से उनका मन व्यथित था और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा देश की सबसे बडी ताकत है और उन्हें भ्रम के कुचक्र में नहीं फंसने दिया जाएगा। धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि उन्होंने त्याग-पत्र इसलिए दिया ताकि जंतर-मंतर और देश में जो वर्तमान स्थिति बनी है उसका राष्ट्र विरोधी ताकतें लाभ न उठा सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, विश्वास और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

अग्निहोत्री

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि जलशक्ति विभाग ने इस वित्त वर्ष में 4 हज़ार पद भरे जाएंगे। ऊना ज़िले में हरोली के पालकवाह में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार विभाग को सुदृढ़ बनाने सहित युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाने पर विशेष ज़ोर दे रही है। अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता सुधारने और जल शुद्धिकरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए करीब 2 हज़ार करोड़ रूपए की व्यापक योजना लागू की जाएगी। उन्होंने ये भी ऐलान किया कि अगले वर्ष से जलशक्ति विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की जाएगी।

भाजपा

भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ आगामी अगस्त महीने से बड़ा जन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। शिमला में आज हुई एक बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कथित जन विरोधी नीतियों के विरोध में भाजपा मण्डल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जन आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा विभिन्न मुद्दों को जनता के बीच ले जाएगी और सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

इस अवसर पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि चुनावी वायदे पूरा न कर कांग्रेस सरकार ने जनता को निराश किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हुए हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों ने जनता ने परिवर्तन की शुरूआत कर दी है और भाजपा इस जनादेश को अंजाम तक पहुंचाएगी।

बैठक

स्थानीय निधि लेखा समिति की बैठक समिति के सभापति संजय रतन की अध्यक्षता में आज शिमला स्थित विधानसभा परिसर में हुई। इस बैठक में ठियोग में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति छात्रावास भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। समिति ने शिक्षा विभाग को एक माह के भीतर छात्रावास भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन कर इसे हिमुडा को

सौंपने के निर्देश दिए हैं। समिति ने हिमुडा को इस भवन का निर्माण अपने संसाधनों से एक वर्ष के भीतर करने को कहा है।

## शोक

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पिछले कल उदयपुर–किलाड़ सड़क मार्ग पर कडूनाले के समीप हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक संदेश में उन्होंने मृतकों के परिजनों से गहरी संवेदना जताई है। पठानिया ने आम लोगों से बरसात के मौसम में अनावश्यक यात्राओं से बचने और ऐहतियात बरतने का आह्वान किया है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा से नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। कांगड़ा ज़िले में हाल ही में हुई मूसलाधार वर्षा व बादल फटने की घटनाओं से अब तक करीब 80 करोड़ रूपए के नुकसान का प्रारंभिक आकलन किया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और सभी विभागों को राहत व पुनर्बहाली के कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान कुछ ज़िलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

..............................